<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–29 मार्च 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- केन्द्रीय कर्मियों के लिए महंगाई भत्ते में दो प्रतिशत वृद्धि को केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में मिली मंजूरी। एक जनवरी दो हजार पचीस से लागू होगी बढ़ोत्तरी।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकसित भारत युवा संसद महोत्सव में युवाओं को किया संबोधित : कहा– समाज के लिए प्रेरणा बनती है, लीक से हटकर की गई नई पहल।
- रिजर्व बैंक ने एक मई से एटीएम से नकद निकासी पर बैंकों को दो रूपये की वृद्धि करने की दी अनुमति।
- अयोध्या में आज से शुरू हो रहा है रामनवमी मेला। सुरक्षा और यातायात के किए गये हैं व्यापक प्रबंध।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कल हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में केंद्र सरकार ने केन्द्रीय कर्मियों के लिए महंगाई भत्ते में दो प्रतिशत बढ़ोत्तरी को मंजूरी दे दी है। इस बढ़ोत्तरी के बाद केन्द्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों का महंगाई भत्ता और महंगाई राहत तिरपन प्रतिशत से बढ़कर पचपन फीसदी हो जायेगा। नई दिल्ली में संवाददाताओं को यह जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह इस वर्ष की पहली जनवरी से लागू होगा। इससे केंद्र सरकार के अड़तालिस लाख छाछठ हजार कर्मचारियों और छाछठ लाख पचपन हजार पेंशनभोगियों को लाभ होगा।

इसके अलावा मंत्रिमंडल की बैठक में देश में इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं के विनिर्माण को बढ़ावा देने और इलेक्ट्रॉनिक्स आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण विनिर्माण योजना को मंजूरी दी गई। श्री वैष्णव ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण विनिर्माण योजना के लिए बाइस हजार करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय मदद दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इससे इक्यानवे हजार से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार और कई अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे। श्री वैष्णव ने कहा कि सरकार ने इस वर्ष के खरीफ सीजन में किसानों को किफायती दरों पर फॉस्फेटिक और पोटैशिक उर्वरक उपलब्ध कराने को भी मंजूरी दी है।

**डीएपी का प्राइस 1350 पर 50 किलो बैग रहे इसके लिए भारत सरकार 37260 करोड़ रुपये की सब्सिडी का भार सहन करेगी। इससे करोड़ों किसानों को इसका बेनिफिट मिलेगा इस खरीफ सीजन का स्टीमेट है। 180 लाख मैट्रिक टन का टोटल स्टीमेटेड कंजम्पशन होगा इस खरीफ सीजन में और 37260 का इसका सब्सिडी का बिल रहेगा।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंत्रिमंडल के फैसलों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण विनिर्माण योजना से रोजगार के अवसर पैदा होंगे और किफायती दरों पर उर्वरक उपलब्ध होने से प्रदेश के करोड़ों किसानों को इसका लाभ मिलेगा।

**********

केंद्र सरकार ने चौबीस मार्च को सर्वोच्च न्यायालय कॉलेजियम की सिफारिशों के बाद न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को दिल्ली उच्च न्यायालय से इलाहाबाद उच्च न्यायालय वापस भेजने की अधिसूचना जारी कर दी है। इस बीच, सर्वोच्च न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को निर्देश दिया है कि वह न्यायमूर्ति वर्मा को कोई काम न सौंपें। इससे पहले, शीर्ष न्यायालय ने न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ उनके सरकारी आवास पर अवैध नकदी मिलने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी थी। न्यायमूर्ति अभय ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुयान की पीठ ने याचिका पर सुनवाई की और आंतरिक जांच पूरी करने का आदेश दिया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ के विधान भवन में आयोजित विकसित भारत युवा संसद महोत्सव में युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जब आप लीक से हटकर कुछ नया और अतिरिक्त करते हैं, तो वह समाज के लिए प्रेरणा बनता है। मुख्यमंत्री ने युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए दो सौ चालीस युवाओं का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने आजादी के अमृत महोत्सव के संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष दो हजार सैंतालिस तक विकसित भारत के विजन को रेखांकित किया।

**अमृत महोत्सव वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी जी ने देशवासियों के सामने रखा था। एक विजन रखा था एक विजन डॉक्यूमेंट पच्चीस वर्ष का यह देश जब दो हजार सैंतालीस में अपनी आजादी का शताब्दी महोत्सव मना रहा होगा। सौ साल की यात्रा अपनी पूरी कर रहा होगा आजादी की तब कैसा भारत चाहिए एक विकसित भारत विकसित भारत की उस परिकल्पना को साकार करने के लिए हमारे स्तर पर क्या प्रयास होने चाहिए। हमारे स्तर पर प्रयास होने है। हर नागरिक के लिए पंचप्रण की बात प्रधानमंत्री मोदी जी ने की अलग अलग क्षेत्र में जो पांच प्रण प्रधानमंत्री मोदी जी ने आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में देशवासियों को दिलाए थे, वे पंचप्रण इसके आधार बनेंगे।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ के लोकबंधु अस्पताल में फूड प्वाइजनिंग से प्रभावित बच्चों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती सभी बच्चों से उनका हालचाल जाना। साथ ही डॉक्टर्स और अधिकारियों को बच्चों का सुचारू रूप से इलाज करने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों को स्वास्थ्य के अनुसार भोजन उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए।

बीते दिनों रात के भोजन के बाद लखनऊ के मोहान रोड स्थित एक संस्था में बच्चों की तबीयत बिगड़ गई थी, जिसमें चार बच्चों की मौत हो चुकी है।

**********

रिजर्व बैंक ने पहली मई से ऑटोमेटेड टेलर मशीन–एटीएम से नकद निकासी पर बैंकों को दो रुपये की वृद्धि करने की अनुमति दी है। रिजर्व बैंक ने एक परिपत्र में कहा कि मुफ्त लेनदेन से अलग, ग्राहक से प्रति लेनदेन अधिकतम तेईस रुपये का शुल्क लिया जा सकता है। यह पहली मई से लागू होगा।

**********

अयोध्या में आज से रामनवमी मेले की शुरुआत हो जाएगी। इसे लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। अयोध्या रेंज के आईजी प्रवीण कुमार ने बताया कि रामनवमी को लेकर यातायात प्रबंधन की पूरी व्यवस्था की गई है।

**सारी व्यवस्थाएं की गयी है और भारी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को देखते हुए यातायात प्रबंधन की व्यवस्थाएं भी की गयी है। जल पुलिस एसडीआरएफ के माध्यम ऐसी घाट पर भी पर्याप्त व्यवस्था रहेगी और भीषण गर्मी को देखते हुए जो प्रशासन और नगर निगम और अन्य विभागों के साथ मिलकर के स्वास्थ्य के साथ मिल करके हम लोग इस तरह की व्यवस्था रखेंगे कि लोगों को सुरक्षित रखा जा सके, व्यवस्थित रखा जा सके। साथ ही साथ सुरक्षा को लेकर के कोई कसर न रहे तो फोर्स मल्टीप्लायर के साथसाथ जो भी हमारे पास तकनीकी आगम है वो सारे के सारे हम इसमें शामिल कर रहे हैं।**

**********

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की कल हुई बोर्ड बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए हैं। प्राधिकरण क्षेत्र में मुआवजा दर तिरालिस सौ रूपये प्रतिवर्ग मीटर करने के साथ ही संपत्ति की दरों में दस प्रतिशत से लेकर बासठ प्रतिशत तक की वृद्धि की गयी है। बैठक में आगामी वित्त वर्ष 2025–26 के लिए नौ हजार नौ सौ एक्यानबे करोड़ पचासी लाख के बजट को भी मंजूरी दी गयी है। बैठक में तय हुआ कि सहमति से भूमि देने और प्राधिकरण की ओर से विकसित किये जाने के बाद सात फीसदी भूखण्ड लेने पर किसानों को अडतीस सौ आठ रूपये प्रतिवर्ग मीटर की दर से मुआवजा मिलेगा। प्राधिकरण की बढ़ी हुई दरें एक अप्रैल से लागू होंगी। नई दरों के अनुसार, आवासीय संपत्ति की कीमत बढ़कर पैंतीस हजार रुपये प्रति वर्गमीटर हो गई है, जबकि औद्योगिक श्रेणी की संपत्ति की दर नौ हजार पांच सौ पचास रूपये प्रति वर्गमीटर निर्धारित की गई है।

**********

उत्तर रेलवे ईद और नवरात्रि के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए कई विशेष ट्रेनों का संचालन कर रहा है। यह जानकारी उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने दी।

**उत्तर रेलवे द्वारा आगामी लंबे वीकेंड नवरात्री तथा ईद के अवसर पर यात्रा करने वाले यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा देने के लिए दिल्ली क्षेत्र ऐसी विभिन्न स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है जिसमे मुख्य रूप ऐसी आनंद विहार टर्मिनल से भागलपुर, दिल्ली ऐसी सहरसा तथा कटिहार के लिए तथा नई दिल्ली ऐसी जयनगर के लिए अनरिजर्व स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है तथा पुरानी दिल्ली ऐसी लखनऊ के लिए रिजर्व स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है।**

**********

प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने कल लखनऊ में नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के स्वच्छ सुजल महाकुम्भ सेवा सम्मान दो हजार पचीस के कार्यक्रम में जल समाधान पोर्टल का उद्घाटन किया। इस पोर्टल की मदद से ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति की जानकारी के अलावा टोल फ्री नम्बर, क्यू आर कोड, नये कनेक्शन को जोड़ने के लिए नम्बर और अन्य किसी भी प्रकार की शिकायत से जुड़ी जानकारी को साझा किया गया है।

**********